नवभारत

राज्य स्तरीय बास्केट बॉल प्रतियोगिता

'सूर्यदत्ता' के जितेंद्र चौधरी का चयन

संवाददाता

पुणे. जिला क्रीड़ा परिषद और जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय सोलापुर की ओर से शंकरराव मोहिते इंग्लिश मीडियम स्कूल, अकलूज, जि. सोलापुर में आयोजित U-19 पुणे विभागीय बास्केट बॉल प्रतियोगिता में सूर्यदत्ता पब्लिक स्कूल की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है. इस सफलता के साथ टीम के जितेंद्र चौधरी को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया है. वह अब पुणे विभाग का नेतृत्व करेंगे.

जितेंद्र चौधरी सूर्यदत्ता पब्लिक स्कूल में बारहवीं कक्षा में पढते हैं. उसकी सफलता पर सूर्यदत्ता ग्रुप ऑफ इनस्टिट्यूट के संस्थापक अध्यक्ष प्रा. डॉ. संजय चोरडिया और उपाध्यक्ष सुषमा चोरडिया ने उनका अभिनंदन किया.

इस समय सूर्यदत्ता फिटनेस और स्पोर्ट के डायरेक्टर निशिगंधा पाटिल, संकेत नालकर आदी उपस्थित थे.सूर्यदत्ता के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. संजय चोरडिया ने कहा कि सूर्यदत्ता संस्थान के छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में लगातार उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हैं. इन सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें वर्षगांठ समारोह में सम्मानित किया जाएगा. खेल कि बजह से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ अच्छा रहता है. और बच्चों के सामाजिक भान, सांघिक भावना, नेतृत्व, सहनशीलता आदी गुणो का विकास हो जाता है. अनुशासन की आदतों के साथ, वे असफलता से सफल होने का आत्मविश्वास हासिल करते हैं. इसलिए, 'सूर्यदत्ता' में, खेल समान रूप से महत्वपूर्ण हैं.

Navabharat Pune Edition
26 Oct, 2019 Page No. 4